वर्ष - 02 | अंक - 365 | बिजौलिया - गुरुवार, 23 जुलाई ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

उम्मीदों के बादल, हल्की फुहार और उड़ते पंछी... भीलवाड़ा में बुधवार को दिनभर आसमान पर बादलों का डेरा रहा। सुबह की हल्की बुंदाबांदी से मौसम सुहावना हुआ और लोगों को उमस से कुछ राहत मिली। कोटा रोड पर बादलों के बीच उड़ते पंछियों ने प्राकृतिक सौंदर्य में चार चांद लगा दिए। फोटो : राजेश जीनगर

हाईटेंशन लाइन बनी काल, खेत जा रही महिला की करंट से मौत

ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लगाए लापरवाही के आरोप, कार्रवाई और मुआवजे की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

उपखंड क्षेत्र के गिरधरपुरा गांव में बुधवार सुबह 11 केवी विद्युत लाइन टूटने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। खेत पर जा रही महिला के ऊपर अचानक हाईटेंशन लाइन गिरने से वह करंट की चपेट में आ गई और मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद गांव में आक्रोश फैल गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर एकत्र हो गए। ग्रामीणों ने बिजली विभाग की लापरवाही को हादसे का कारण बताते हुए दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की।

तहसीलदार ललित डीडवानिया ने बताया कि गिरधरपुरा निवासी प्रेम देवी धाकड़ (60) पत्नी भगवानलाल धाकड़ बुधवार सुबह अपने खेत की ओर जा रही थीं। इसी दौरान खेत के पास विद्युत पोल से गुजर रही 11 केवी लाइन अचानक टूटकर उनके कंधे पर आ गिरी। तेज करंट लगने से महिला गंभीर रूप से झुलस गई और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। किसी अन्य दुर्घटना की आशंका को देखते हुए तत्काल क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बंद करवाई गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उप जिला चिकित्सालय बिजौलिया की मोर्चरी में रखवाया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

ग्रामीण रामफूल धाकड़ ने बताया कि हादसे के समय न तो तेज हवा चल रही थी और न ही बारिश हो रही थी, इसके बावजूद विद्युत लाइन का अचानक टूट जाना गंभीर लापरवाही की ओर इशारा करता है। लोगों ने आरोप लगाया कि लंबे समय से जर्जर विद्युत लाइनों की मरम्मत नहीं होने के कारण यह हादसा हुआ है।

एएसआई सुनील कुमार बेनीवाल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

वहीं तहसीलदार ललित डीडवानिया ने बताया कि पीड़ित परिवार को राज्य सरकार की राहत योजनाओं के तहत हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

घेवरिया में पैंथर का आतंक, गोवंश और कुत्ते को बनाया शिकार

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण।

दिनेश पारीक। उपखंड क्षेत्र के घेवरिया गांव में पैंथर की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। बुधवार को पैंथर ने एक गोवंश और एक कुत्ते का शिकार कर दिया।

ग्रामीण राजाराम गुर्जर ने बताया कि गांव के आसपास पैंथर की लगातार आवाजाही से लोगों में भय बना हुआ है। घटना के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग से पैंथर को जल्द पकड़ने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो जनहानि की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में पिंजरा लगाकर पैंथर को पकड़ने तथा लगातार गश्त बढ़ाने की मांग की है।

देवडूंगरी विवाद में बढ़ी हलचल, विधायक के सामने फूटा ग्रामीणों का आक्रोश

नगर पालिका चौक पर सुनी समस्याएं, ज्ञापन सौंपकर सार्वजनिक भूमि पर कथित कब्जे रोकने की मांग , मंदिर परिसर में 24 घंटे पुलिस तैनात

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

देवडूंगरी स्थित सार्वजनिक धार्मिक स्थल पर प्रस्तावित माता बांक्या रानी मंदिर निर्माण को लेकर चल रहे विवाद ने बुधवार को नया मोड़ ले लिया। मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल के बिजौलिया पहुंचने पर नगर पालिका चौक में बड़ी संख्या में ग्रामीण और सर्व समाज के प्रतिनिधि एकत्र हुए। विधायक ने मौके पर ही ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनका ज्ञापन लेकर पूरे मामले की जानकारी ली।

ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि देवडूंगरी वर्षों से बिजौलिया क्षेत्र की सार्वजनिक आस्था और धार्मिक गतिविधियों का केंद्र रही है। उनका आरोप है कि पिछले कुछ वर्षों से यहां सम्मेलन आयोजित करने वाले कुछ लोग सार्वजनिक भूमि पर अनाधिकृत कब्जा करने की नियत से कार्य कर रहे हैं। विरोध करने पर अभद्र व्यवहार और विवाद की स्थिति भी उत्पन्न की जा रही है। प्रतिनिधिमंडल ने सार्वजनिक हित में इस भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा कथित अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की। ज्ञापन में ग्रामीणों ने यह भी आग्रह किया कि देवडूंगरी की व्यवस्था ग्राम और नगर के प्रबुद्धजनों की देखरेख में संचालित की जाए, ताकि सार्वजनिक धार्मिक स्थल की मूल भावना बनी रहे और भविष्य में किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न न हो।

ग्रामीणों की बात सुनने के बाद विधायक गोपाल खंडेलवाल ने कहा कि देव डूंगरी बिजोलिया की है ओर यही की जनता की रहेगी । 2-5 दिन में जल्द ही दोनों पक्षों से वार्ता कर आपसी सहमति से समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रस्तावित माता बांक्या रानी मंदिर का निर्माण प्रशासन की अनुमति और कानून के दायरे में रहकर ही कराया जाएगा। इस दौरान खंडेलवाल ने शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

उधर, विवाद को देखते हुए प्रशासन ने भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। थानाधिकारी स्वागत पांड्या ने बताया कि देवडूंगरी मंदिर परिसर में चार पुलिसकर्मियों की दो-दो शिफ्ट में 24 घंटे ड्यूटी लगाई गई है। पुलिस और प्रशासन पूरे घटनाक्रम पर लगातार नजर बनाए हुए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो।

उल्लेखनीय है कि मंगलवार को सर्व समाज के बैनर तले सैकड़ों ग्रामीणों ने रैली निकालकर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा था। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि संबंधित भूमि राजकीय है और किसी भी नए निर्माण के लिए सक्षम प्राधिकारी की अनुमति आवश्यक होगी। फिलहाल पूरे मामले पर प्रशासन और पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है।

फुलियाकलां पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 35 टन अवैध बजरी से भरा डम्पर जब्त

बिना रवन्ना परिवहन करते चालक गिरफ्तार, डम्पर मालिक व बजरी भरने वाले वाहन की तलाश जारी

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

मूलचन्द पेसवानी

अवैध बजरी खनन एवं परिवहन के खिलाफ भीलवाड़ा जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत फुलियाकलां थाना पुलिस ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 35 टन अवैध बजरी से भरे एक डम्पर को जब्त कर उसके चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बिना रवन्ना (टीपी) के बजरी परिवहन करने के मामले में प्रकरण दर्ज कर डम्पर मालिक तथा बजरी भरने वाले वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा के निर्देशानुसार जिलेभर में अवैध खनन एवं अवैध खनिज परिवहन के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा अंजुम कायम के निर्देशन एवं वृत्ताधिकारी शाहपुरा ओमप्रकाश विश्नोई के सुपरविजन में थाना प्रभारी दिनेश कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने यह कार्रवाई अंजाम दी।

पुलिस के अनुसार बुधवार को उपनिरीक्षक कैलाशचंद्र पुलिस जाप्ते के साथ थाना क्षेत्र में अवैध बजरी खनन एवं परिवहन की रोकथाम के लिए गश्त पर थे।

गश्त के दौरान कस्बा फुलियाकलां, कैलाशपुरी, रतनपुरा और रातादेही चैराहे होते हुए पुलिस टीम बासेड़ा के निकट पुलिया पर पहुंची। इसी दौरान पीछे से एक बिना नंबर का टाटा डम्पर आता दिखाई दिया, जिसे संदेह के आधार पर रुकवाकर जांच की गई। पूछताछ में चालक ने अपना नाम हनुमान पुत्र रतनलाल गुर्जर (26) निवासी भीमडावास, थाना केकड़ी सदर, जिला अजमेर बताया। पुलिस ने डम्पर की तलाशी ली तो उसमें लगभग 35 टन बजरी भरी हुई मिली। जब चालक से बजरी परिवहन का वैध रवन्ना (ट्रांजिट पास) अथवा टीपी मांगी गई तो वह कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि जब्त डम्पर टाटा कंपनी का है, जिस पर पंजीयन संख्या अंकित नहीं थी। पुलिस ने डम्पर के चेसिस नंबर के आधार पर उसकी पहचान की। चालक ने पूछताछ में डम्पर के मालिक का नाम भंवरलाल पुत्र जगदीश चाड़ा, निवासी सांगरी, थाना फुलियाकलां, जिला भीलवाड़ा बताया।

पुलिस का मानना है कि डम्पर मालिक एवं चालक ने सुनियोजित तरीके से बिना वैध अनुमति के बजरी का परिवहन कर राज्य सरकार के राजस्व को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया। मामले में अवैध खनन एवं खनिज परिवहन से संबंधित प्रावधानों के तहत खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 4ध्21 तथा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 303(2) एवं 112(2) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है।

पुलिस ने आरोपी चालक हनुमान गुर्जर को मौके से गिरफ्तार कर लिया है। वहीं फरार डम्पर मालिक भंवरलाल चाड़ा तथा डम्पर में अवैध बजरी भरने वाले वाहन एवं उससे जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि जांच में जो भी व्यक्ति इस अवैध परिवहन में संलिप्त पाया जाएगा, उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

इनकी रही कार्रवाई में अहम भूमिका--पूरी कार्रवाई थाना प्रभारी दिनेश कुमार के नेतृत्व में की गई। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक कैलाशचंद्र, कांस्टेबल विक्रम, कांस्टेबल भवानी प्रताप सहित अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

एमजी अस्पताल में फिर मोबाइल चोरी का प्रयास, सीसीटीवी में कैद हुआ आरोपी

स्टाफ और सुरक्षा गार्डों की सतर्कता से चोर पकड़ा गया, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए समिति गठित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

पुनीत चपलोत

महात्मा गांधी चिकित्सालय (एम जी)में लगातार सामने आ रही मोबाइल चोरी की घटनाओं के बीच बुधवार को एक और चोरी के प्रयास का मामला सामने आया। अस्पताल के एक वार्ड में मोबाइल चोरी करते हुए एक युवक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। सूचना मिलते ही अस्पताल स्टाफ और सुरक्षा गार्डों ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

अस्पताल में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए अस्पताल प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने की कवायद शुरू कर दी है। अस्पताल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा और सुधार के लिए एक

विशेष समिति का गठन किया गया है। समिति अस्पताल के संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा संबंधी आवश्यक सुझाव देगी, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

अस्पताल प्रशासन ने मरीजों और उनके परिजनों से भी अपील की है कि वे अस्पताल में रहते समय अपने मोबाइल फोन, नकदी और अन्य कीमती सामान की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत सुरक्षा कर्मियों या अस्पताल प्रशासन को दें।

स्कूलों के बाहर तंबाकू बेचने वालों पर बड़ी कार्रवाई, विद्यार्थियों की शिकायत पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का एक्शन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

पुनित चपलोत

भीलवाड़ा जिले में 'ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूसडे' अभियान के तहत स्कूलों के बाहर बच्चों को गुटखा, तंबाकू, बीड़ी और सिगरेट बेचने वालों के खिलाफ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने सख्त कार्रवाई कराई है। यह कार्रवाई विद्यार्थियों की शिकायतों के आधार पर की गई, जिनमें स्कूल परिसरों के आसपास प्रतिबंधित तंबाकू उत्पादों की खुलेआम बिक्री की जानकारी दी गई थी। कार्रवाई के तहत सुभाष नगर थाना पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के स्कूलों के बाहर तंबाकू उत्पाद बेचने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रश्मि आर्या ने बताया कि 21 जुलाई को जिले के 50 विद्यालयों में 'नो टू ड्रग्स' जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस दौरान कई विद्यार्थियों ने शिकायत की कि कोठारी स्कूल के पास संचालित एक कैफे में स्कूली बच्चों को बीड़ी, सिगरेट, गुटखा और अन्य तंबाकू उत्पाद बेचे जा रहे हैं। शिकायत मिलते ही संबंधित थाना प्रभारी को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

उन्होंने बताया कि इससे पहले 7 जुलाई को आयोजित कार्यक्रम के बाद

8 जुलाई को भी ऐसी दुकानों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। इसके बावजूद लगातार शिकायतें मिलती रहीं। इसी क्रम में राजकीय बालिका विद्यालय, सुभाष नगर के पास भी तंबाकू उत्पादों की बिक्री की गुमनाम शिकायत प्राप्त हुई, जिसके आधार पर कार्रवाई करते हुए वहां से बड़ी मात्रा में बीड़ी, सिगरेट और गुटखा बरामद किया गया। रश्मि आर्या ने कहा कि कोटपा (COTPA) अधिनियम की धारा 6 के तहत 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को तंबाकू उत्पाद बेचना प्रतिबंधित है। साथ ही किसी भी शैक्षणिक संस्थान के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री और भंडारण भी कानूनन अपराध है। इसके बावजूद स्कूलों के आसपास इनकी बिक्री बच्चों के स्वास्थ्य और भविष्य के लिए गंभीर खतरा बनी हुई है।

रात में घर में घुसकर लूट करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

मांडलगढ़ पुलिस ने किया वारदात का खुलासा, आरोपियों ने 9 जगह चोरी, नकबजनी और लूट की वारदातें करना कबूला

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

मांडलगढ़ थाना पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट और लूट की वारदात का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में दोनों आरोपियों ने भीलवाड़ा और बूंदी जिले में कुल नौ वारदातें करना स्वीकार किया है। पुलिस अब इनके अन्य साथियों की तलाश में जुटी है।

थानाधिकारी राजकुमार नायक ने बताया कि 27 जून को अमरतिया निवासी शांतिलाल शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 25-26 जून की मध्यरात्रि चार बदमाश उनके खेत स्थित मकान में घुस आए। बदमाशों ने दंपती के साथ मारपीट कर उन्हें डरा-धमकाया और महिला के सोने के टॉप्स, मंगलसूत्र, चांदी की पायजेब, घर में रखे अन्य आभूषण तथा नकदी लूटकर फरार हो गए। मारपीट में शांतिलाल के सिर पर गंभीर चोट आई थी।घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तथा तकनीकी और मुखबिर तंत्र की सहायता से जांच शुरू की। जांच के दौरान नैनक्या उर्फ सूरज कंजर निवासी चिताबड़ा (बिजौलिया) और अर्जुन लाल कंजर निवासी चिताबड़ा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में दोनों ने वारदात करना स्वीकार कर लिया, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस के अनुसार आरोपियों ने अपने अन्य साथियों रामा उर्फ रामलिया उर्फ रामदेव कंजर, बाबू कंजर सहित गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर अमरतिया, श्यामगढ़, मोहनपुरा, तालाब का झोपड़ा, गेणोली, रात्याखेड़ा, टहला (मांडलगढ़ क्षेत्र), बागोर (मांडल क्षेत्र) तथा बूंदी जिले के डाबी क्षेत्र में चोरी, नकबजनी और लूट की कुल नौ वारदातें करना कबूल किया है।

पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर वारदातों में शामिल अन्य बदमाशों की तलाश कर रही है। साथ ही लूटे गए आभूषण और अन्य सामान की बरामदगी के प्रयास भी जारी हैं।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने किशोर गृह का किया आकस्मिक निरीक्षण

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रश्मि आर्या ने बुधवार को पालड़ी स्थित राजकीय सम्प्रेषण एवं किशोर गृह का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किशोरों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य, भोजन, आवास एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी लेकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान सचिव ने अधीक्षक धर्मराज प्रतिहार से किशोरों की स्वास्थ्य सेवाओं, भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई, चिकित्सा सुविधाओं तथा बाल गृह के वातावरण के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने परिसर में स्वच्छता बनाए रखने और व्यवस्थाओं को और बेहतर करने के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए।

इस अवसर पर किशोरों के हितों की सुरक्षा एवं उनकी देखभाल से जुड़ी व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान किशोर न्याय बोर्ड (जे.जे.बी.) की न्यायिक अधिकारी विभा आर्या भी मौजूद रहीं।

इसी क्रम में राजकीय शिशु गृह, भीलवाड़ा में आयोजित जिला दत्तक ग्रहण समिति की बैठक में सचिव रश्मि आर्या की उपस्थिति में परित्यक्त नवजात

शिशु 'तेजस्व' को भावी दत्तक माता-पिता को प्री-अडॉप्शन फॉस्टर केयर में सौंपा गया। यह प्रक्रिया निर्धारित कानूनी प्रावधानों के तहत संपन्न कराई गई।

फर्जी पत्रकारों पर कार्रवाई की मांग को लेकर प्रेस क्लब का प्रदर्शन, पत्रकारों के सत्यापन की उठाई मांग

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

मूलचन्द पेसवानी

पत्रकारिता की आड़ में आमजन से धोखाधड़ी, अवैध वसूली और ब्लैकमेलिंग जैसी गतिविधियों में संलिप्त तथाकथित फर्जी पत्रकारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर बुधवार को प्रेस क्लब भीलवाड़ा के बैनर तले जिले के पत्रकार एकजुट हुए। प्रेस क्लब अध्यक्ष सुखपाल जाट के नेतृत्व में पत्रकारों के प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू एवं जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा तथा जिलेभर में विशेष अभियान चलाकर पत्रकारों का सत्यापन कराने एवं फर्जी पत्रकारों के खिलाफ प्रभावी कानूनी कार्रवाई की मांग की।

प्रेस क्लब अध्यक्ष सुखपाल जाट ने अधिकारियों से चर्चा के दौरान कहा कि जिले में कुछ लोग मीडिया संस्थानों का नाम, प्रेस कार्ड और पत्रकारिता की पहचान का दुरुपयोग कर आमजन को धमकाने, ब्लैकमेल करने तथा अवैध वसूली जैसी गतिविधियों में लिप्त हैं। ऐसे लोगों के कारण वर्षों से ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ जनहित की पत्रकारिता करने वाले पत्रकारों की

छवि धूमिल हो रही है। इससे लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की विश्वसनीयता और सम्मान पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता एक सामाजिक दायित्व है, लेकिन कुछ असामाजिक तत्व इसे कमाई का माध्यम बनाकर पूरे मीडिया जगत को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि वास्तविक पत्रकारों की साख सुरक्षित रहे और आमजन का मीडिया पर विश्वास कायम रह सके। ज्ञापन में मांग की गई कि जिला प्रशासन एवं पुलिस संयुक्त रूप से विशेष अभियान चलाकर पत्रकारिता की आड़ में ब्लैकमेलिंग, अवैध वसूली और धोखाधड़ी करने वाले लोगों की पहचान करे। साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, यूट्यूब चैनल और डिजिटल न्यूज पोर्टलों के नाम पर बिना किसी वैधानिक आधार के पत्रकारिता का दावा कर लोगों को गुमराह करने वाले व्यक्तियों पर भी कड़ी निगरानी रखी जाए।

पत्रकारों ने यह भी मांग की कि जिला मुख्यालय से लेकर उपखंड एवं थाना स्तर तक पत्रकारों का पुलिस सत्यापन कराया जाए, जिससे वास्तविक और फर्जी पत्रकारों के बीच स्पष्ट अंतर स्थापित हो सके तथा पत्रकारिता की गरिमा बनी रहे।

जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू एवं जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि मामले को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की गरिमा बनाए रखना प्रशासन की भी जिम्मेदारी है। पत्रकारों के सत्यापन की प्रक्रिया नियमानुसार जिला, उपखंड एवं थाना स्तर पर सुनिश्चित की जाएगी तथा पत्रकारिता की आड़ में कानून का दुरुपयोग करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रेस क्लब महासचिव राजेश मेठानी, कोषाध्यक्ष सतीश वर्मा, वरिष्ठ पत्रकार मधु जाजू, रतन प्रजापति, अरुण मुछाल, राजेंद्र शर्मा, भगवान मेठानी, प्रहलाद तेली, अंकुर बोरदिया, राहुल कौशिक, जयेश पारीक, प्रकाश चपलोत (पिंटू), महावीर समदानी, लकी शर्मा, कृष्णगोपाल गोयल, पुनीत चपलोत, अंकुर सनाढ्य, रवि पायक, दीपेश छीपा, आशीष पाराशर, अमित शर्मा, अमित काबरा, पंकज पोरवाल, दुर्गेश पानेरी, अनिल शर्मा, चेतन उपाध्याय, धर्मेंद्र कोठारी, सुशील लोढ़ा, विजय जैथलिया सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ एवं युवा पत्रकार उपस्थित रहे।

ग्रामीण सेवा शिविर में हाथों-हाथ हुआ नाम शुद्धिकरण

राजस्व रिकॉर्ड की त्रुटि मौके पर सुधरी, प्रार्थी ने जताया आभार

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

मानव तिवाड़ी

ग्रामीण सेवा शिविर-2026 के फॉलोअप अभियान के तहत पंचायत मुख्यालय सलावटिया में आयोजित शिविर में एक ग्रामीण की वर्षों पुरानी राजस्व रिकॉर्ड संबंधी समस्या का मौके पर ही समाधान कर दिया गया।

सलावटिया निवासी प्रेमचंद पुत्र देवाराम ने राजस्व अभिलेखों में अपने पिता के नाम के शुद्धिकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। शिविर प्रभारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार ललित डीडवानिया को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

इसके बाद पटवार हल्का सलावटिया से मौके पर ही जांच कराई गई। जांच में आवेदन सही पाए जाने पर रिपोर्ट तत्काल प्रस्तुत की गई और शिविर प्रभारी के आदेश पर भू-अभिलेख निरीक्षक एवं पटवारी ने राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज 'देवा' नाम को संशोधित कर सही नाम 'देवाराम' दर्ज कर दिया।

अवैध बजरी पर कार्रवाई, ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला

भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक सागर राणा के निर्देश पर अवैध बजरी खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत काछोला थाना पुलिस ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए बजरी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की।

थानाधिकारी नरेश कुमार शर्मा ने बताया कि बुधवार दोपहर करीब 2 बजे पुलिस टीम ने काछोला कस्बे में अवैध रूप से बजरी परिवहन कर रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़कर थाने में जब्त कर लिया। मामले में अग्रिम कार्रवाई के लिए खनन विभाग (माइनिंग विभाग) को

सूचना दे दी गई है। पुलिस द्वारा अवैध खनन और बजरी परिवहन के खिलाफ अभियान लगातार जारी है।

QUICK BITES

खजीना विद्यालय में सरस्वती प्रतिमा स्थापना 24 को

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला

जसवंत पारीक

राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय खजीना में मां सरस्वती प्रतिमा प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव 23-24 जुलाई को

आयोजित किया जाएगा। राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय में मां सरस्वती की नवीन प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन 23 एवं 24 जुलाई 2026 को श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया जाएगा। इस दो दिवसीय धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के श्रद्धालुओं, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों को सादर आमंत्रित किया गया है।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस 23 जुलाई को सुबह 7:00 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके पश्चात सुबह 9:15 बजे देव पूजन का आयोजन होगा।

द्वितीय दिवस 24 जुलाई को सुबह 7:00 बजे हवन, सुबह 9:00 बजे अभिषेक, सुबह 10:15 बजे मां सरस्वती प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा, दोपहर 12:15 बजे पूर्णाहुति तथा दोपहर 2:00 बजे महाप्रसादी (भोजन) का आयोजन किया जाएगा।

कांगनी में रिमझिम बारिश से मौसम हुआ सुहाना, फसलों को मिला संजीवनी

भीलवाड़ा फोकस @ कांगनी



(राकेश शर्मा)। क्षेत्र में मंगलवार देर रात से शुरू हुई रिमझिम बारिश का सिलसिला बुधवार को भी रुक-रुक कर जारी रहा। दोपहर में अचानक मौसम ने करवट ली और आसमान में घने बादल छा गए। बिजली की गड़गड़ाहट के साथ हुई बारिश से पूरे क्षेत्र का मौसम सुहावना हो गया। लगातार रिमझिम बारिश के कारण दिनभर सूरज के दर्शन नहीं हुए और तापमान में गिरावट आने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। मौसम का आनंद लेने के लिए लोगों ने चाय और गर्म पकौड़ों का स्वाद लिया। चाय की दुकानों पर दिनभर अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली। वहीं किसानों के लिए यह बारिश राहत लेकर आई। काश्तकारों ने बताया कि चना, मक्का, उड़द और तिल की फसलों के लिए यह रिमझिम बारिश बेहद लाभदायक है। समय पर हुई वर्षा से फसलों को नया जीवन मिला है और अच्छी पैदावार की उम्मीद बढ़ गई है। किसानों ने बारिश को खरीफ फसलों के लिए वरदान बताया।

कई रिमझिम तो कई झमाझम बारिश, फसलों को मिला जीवनदान

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

(सांवर वैष्णव):- सवाईपुर क्षेत्र के आसपास के गांवों में बुधवार को दिनभर रिमझिम बारिश का दौर चला, वही बड़लियास क्षेत्र में दोपहर को झमाझम बारिश का दौर चला । ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार सुबह से ही दिनभर रुक-रुककर रिमझिम बारिश का दौर चला, लेकिन किसानों को तेज बारिश का इंतजार रहा । दुसरी ओर बड़लियास क्षेत्र में दोपहर तीन बजे झमाझम बारिश का दौर शुरू हुआ, 15-20 तक झमाझम बारिश चली, जिससे गांव की गलियों व सड़कों पर पानी बहने लगा । शाम तक भी रिमझिम बारिश का दौर चला ।।

अम्बेडकर सर्किल-एफसीआई रोड की जर्जर सड़क पर फूटा लोगों का गुस्सा, वर्षों से बदहाल, बारिश में गड्ढों में भरता पानी, हादसों का बढ़ा खतरा, निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

पुनित चपलोत

शहर के अम्बेडकर सर्किल से अरिहंत हॉस्पिटल होते हुए एफसीआई रोड तक जाने वाली जर्जर सड़क को लेकर क्षेत्रवासियों का आक्रोश सामने आया है। लंबे समय से क्षतिग्रस्त पड़ी इस सड़क के निर्माण और मरम्मत की मांग को लेकर नगर अध्यक्ष भूपेन्द्र (कुनाल) गोरण के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने बुधवार को नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि अम्बेडकर सर्किल से पूरण जी गहलोत के मकान तक जाने वाला मुख्य मार्ग जगह-जगह से उखड़ चुका है और गहरे गड्ढों में तब्दील हो गया है। इससे प्रतिदिन इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

नगर अध्यक्ष भूपेन्द्र गोरण ने कहा कि बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि वार्ड 24 और 27 की सीमा पर होने के कारण यह सड़क वर्षों से उपेक्षा का शिकार बनी हुई है और किसी भी जनप्रतिनिधि ने इसकी सुध नहीं ली।

क्षेत्रवासियों ने निगम आयुक्त से सड़क का तत्काल निरीक्षण कराकर नई सड़क निर्माण अथवा आवश्यक मरम्मत कार्य जल्द शुरू कराने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण लोट, रोहित डगला, चंदन गवारिया, मानसिंह आर्य, साहिल टांक, अविनाश गोरण, करण आदिवाल, अमित कंडारा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

47 युवाओं ने धारण किया यज्ञोपवीत, वैदिक मंत्रों से गूंजा मुनिकुल ब्रह्मचर्याश्रम

40 नवप्रवेशित बटुकों का उपनयन संस्कार, गायत्री पुरश्चरण शुरू; आज से संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का होगा शुभारंभ

भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास

(रोशन) । सनातन संस्कृति और वैदिक परंपरा के संरक्षण का अद्भुत दृश्य बुधवार को श्री मुनिकुल ब्रह्मचर्याश्रम वेद संस्थानम्, बरूंदनी में देखने को मिला। पांच दिवसीय धार्मिक आयोजन के दूसरे दिन वैदिक मंत्रोच्चार, हवन और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच 40 नवप्रवेशित बटुकों सहित 7 अन्य युवाओं का यज्ञोपवीत (उपनयन) संस्कार विधि-विधान से संपन्न कराया गया। इसके साथ ही सभी बटुकों के लिए गायत्री पुरश्चरण का शुभारंभ हुआ। पूरे परिसर में आध्यात्मिक वातावरण छाया रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालु, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक इस ऐतिहासिक आयोजन के साक्षी बने।

संस्था प्रधान पंडित मुरलीधर पंचोली ने बताया कि भारतीय संस्कृति में वर्णित सोलह संस्कारों में यज्ञोपवीत संस्कार का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। इसी उद्देश्य से वेद, कर्मकांड एवं पौरोहित्य की शिक्षा ग्रहण करने वाले 40 नवीन विद्यार्थियों का वैदिक परंपरा के अनुरूप उपनयन संस्कार कराया गया। उन्होंने बताया कि संस्कार के साथ ही गायत्री पुरश्चरण प्रारंभ कर विद्यार्थियों के आध्यात्मिक एवं वैदिक जीवन की नई यात्रा का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में प्रख्यात ज्योतिषाचार्य श्री गोपाल त्रिपाठी ने बटुकों को धर्म, संस्कार और भारतीय संस्कृति की महत्ता बताते हुए कहा कि यज्ञोपवीत केवल एक धागा नहीं, बल्कि जीवन को अनुशासन, ज्ञान, सेवा और सदाचार से जोड़ने वाला पवित्र संस्कार है।

यज्ञोपवीत संस्कार की संपूर्ण वैदिक प्रक्रिया आचार्य रतन शर्मा, हरिशंकर पालीवाल, नीलाम्बर त्रिपाठी, सुरेश तिवारी एवं उदयलाल जोशी के निर्देशन में संपन्न हुई।

इस अवसर पर महंत श्री श्री 1008 राम रंगीला दास जी महाराज ने अपने आशीर्वचन में कहा कि सनातन धर्म की जड़ें संस्कारों से मजबूत होती हैं। उन्होंने युवाओं से भारतीय संस्कृति, वेदों और धर्म के संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया।

संस्था उपाध्यक्ष वेणुगोपाल पंचोली ने वेदों में वर्णित यज्ञोपवीत की महिमा का उल्लेख करते हुए कहा कि यह संस्कार व्यक्ति को ज्ञान, संयम और कर्तव्य के मार्ग पर अग्रसर करता है।

कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष राधेश्याम पंचोली, वेद विद्यालय प्राचार्य कैलाश चंद्र जोशी, उपप्राचार्य हरीश शर्मा, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. बृजमोहन शर्मा, वरिष्ठोपाध्याय प्राचार्य बृजमोहन शर्मा, गोविंद शर्मा, महेंद्र शर्मा, नारायण जोशी, गोविंद प्रसाद, राकेश जोशी, रणछोड़ तिवारी, बनवारी शर्मा, पुष्कर पंचोली, बंटू जी, उमाकांत जोशी, महेशकांत पंचोली, रामनारायण शर्मा सहित संस्था के पदाधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

आज से बरसेगा श्रीमद्भागवत कथा का अमृत

धार्मिक आयोजन के अगले चरण में 23 जुलाई से प्रतिदिन रात्रि 8 से 11 बजे तक संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन होगा। कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को श्रीकृष्ण भक्ति, धर्म और भारतीय संस्कृति का संदेश मिलेगा। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की।

इंटमारिया की 'ममता की डॉक्टर' को भावभीनी विदाई

जयपुर तबादले पर नम हुईं आंखें, बच्चों और ग्रामीणों ने भावुक होकर दी विदाई

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

(मूलचंद पेसवानी)। तहसील की ग्राम पंचायत इंटमारिया स्थित आयुष केंद्र की प्रभारी डॉ. मुक्ता प्रभा के जयपुर तबादले पर आयोजित विदाई समारोह भावुक माहौल में संपन्न हुआ। समारोह में गांव के बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। अपनी प्रिय 'डॉक्टर दीदी' को विदा करते समय कई बच्चियां फूट-फूटकर रो पड़ीं, जबकि ग्रामीणों की आंखें भी नम हो गईं।

डॉ. मुक्ता प्रभा ने अपने कार्यकाल के दौरान चिकित्सा सेवाओं के साथ-साथ शिक्षा, योग, महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए। उन्होंने अस्पताल आने वाली बालिकाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देने के साथ शिक्षा के लिए भी प्रेरित किया तथा नियमित योग प्रशिक्षण कराया। ग्रामीणों के अनुसार उनके प्रयासों से आयुष केंद्र केवल उपचार का केंद्र नहीं रहा, बल्कि सामाजिक जागरूकता का भी माध्यम बन गया।

विदाई समारोह में डॉ. मुक्ता प्रभा ने कहा कि इंटमारिया उनके लिए केवल कार्यस्थल नहीं, बल्कि परिवार जैसा रहा है। यहां के लोगों का स्नेह और विश्वास उनके जीवन की सबसे बड़ी पूंजी रहेगा। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अपना हर दायित्व पूरी ईमानदारी और समर्पण से निभाना चाहिए, ताकि विदा होने के बाद भी लोग उसके कार्यों को सम्मान के साथ याद रखें।

ग्रामीणों ने कहा कि डॉ. मुक्ता प्रभा ने हमेशा मरीजों को परिवार का सदस्य मानकर सेवा की। गांव-गांव जाकर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया और बेटियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उनके स्थानांतरण से क्षेत्र में एक समर्पित चिकित्सक की कमी महसूस होगी। समारोह में नर्स मोनिका डोगी, योग प्रशिक्षक कृष्ण कुमार गौड़, गथिया बानो सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। अंत में डॉ. मुक्ता प्रभा ने समस्त स्टाफ एवं ग्रामीणों का स्नेह और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

पीथास में श्मशान घाट की समस्याओं को लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

जिले के मांडल तहसील के पीथास ग्राम में शमशान घाट की अभी तक कोई स्थाई व्यवस्था नहीं होने से ग्रामवासियों में रोष व्याप्त है द्य बरसात के कारण आज एक शव के अंतिम संस्कार के लिए भी चार घंटे तक इंतजार करना पड़ा द्य ग्राम पंचायत प्रशासक छोटू सिंह चुंडावत ने येन केन अपनी निजी राशि से श्मशान घाट पर टीन शेड की व्यवस्था करवाई उसके बाद अंतिम संस्कार हुआ।

ग्रामवासियों ने बताया कि ग्राम में नदी किनारे बना एकमात्र श्मशान घाट मेजा बांध भरने के बाद पूरी तरह जलमग्न हो जाता है जिससे काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ता है द्य मजबूरी में परिजनों को अस्थाई इंतजामों के सहारे दाह संस्कार करना पड़ता है जो मानव गरिमा के साथ खुला खिलवाड़ है द्य वही ग्राम में वैकल्पिक रूप से बनाया गया श्मशान घाट भी बदहाली का शिकार है द्य ना वहां टीन शेड है, ना चारदीवारी चारों तरफ चारदीवारी के अभाव में गंदगी का अंबार लगा रहता है।

जिससे दुर्गंध फैली रहती है इस कारण लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती हैं द्य टीनशेड के अभाव में लोगों को बरसात के समय दाह संस्कार करने में काफी असुविधाएं उठानी पड़ती है द्य ग्राम पंचायत प्रशासक छोटू सिंह चुंडावत ने बताया कि श्मशान घाट की अभी जहाँ वैकल्पिक रूप से जो व्यवस्था कर रखी है वह भूमि पेटा काश्त में होने के कारण नियमानुसार पक्का निर्माण नहीं करवा सकते हैं। श्मशान घाट की स्थायी व्यवस्था हेतु भूमि आवंटन के लिए प्रक्रिया जारी हैं ग्रामीणों ने प्रशासन से इस समस्या का अतिशीघ्र स्थाई समाधान कराने की मांग की है।

अंगदान का संकल्प लेकर जीवन बचाने में बने सहभागी- जिला कलेक्टर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

जिला प्रशासन एवं जिला स्वास्थ्य समिति, भीलवाड़ा द्वारा राज्यव्यापी 'अंगदान-महादान' अभियान के अंतर्गत जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में अंगदान की डिजिटल प्रतिज्ञा लेने का आह्वान किया गया है।

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने कहा कि अंगदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। एक व्यक्ति का लिया गया अंगदान संकल्प कई जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन दे सकता है। मृत्यु के उपरांत भी व्यक्ति अपने अंगों के माध्यम से अनेक लोगों के जीवन में आशा का संचार कर सकता है।

उन्होंने जिले के नागरिकों, युवाओं, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, शिक्षण संस्थानों तथा सरकारी कर्मचारियों से अपील की कि वे राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (NOTTO) की वेबसाइट पर जाकर डिजिटल प्रतिज्ञा लें तथा अपने परिवार और परिचितों को भी इस जनहितकारी अभियान से जोड़ें। उन्होंने बताया कि क्यूआर कोड स्कैन कर डिजिटल प्रतिज्ञा ले सकते हैं। इसके लिए एबीएचए (ञ्ञ्) अथवा मोबाइल नंबर के माध्यम से लॉगिन कर सरल प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। जिला कलेक्टर ने कहा कि समस्त जिलेवासी अंगदान का संकल्प लेकर भीलवाड़ा को अंगदान के क्षेत्र में राज्य का अग्रणी जिला बनाने में अपना योगदान दें। एक छोटा-सा निर्णय कई परिवारों के लिए नई उम्मीद और नया जीवन बन सकता है। '

आत्मज्ञान ही भगवान, अज्ञान ही जगत - आचार्यश्री रामदयाल महाराज

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा,

मूलचन्द पेसवानी

अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय शाहपुरा के पीठाधीश्वर एवं जगदुरु आचार्य स्वामी श्रीरामदयालजी महाराज ने कहा कि आत्मज्ञान से बढ़कर संसार में कुछ भी नहीं है। अज्ञान ही जगत है और ज्ञान ही भगवान है। उन्होंने कहा कि हमारा मन ही संसार है और संसार को ही सब कुछ मान लेना अज्ञानता का प्रतीक है।

भीलवाड़ा में बुधवार को विश्व शांति कल्याण चातुर्मास के अंतर्गत आयोजित दैनिक सत्संग में आचार्यश्री ने कहा कि शील, दया, संतोष रूपी धन और राम भजन की प्यास रखने से परम प्रकाश की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि जीवन में शील, संयम, दया, क्षमा और संतोष का होना आवश्यक है। जिसके पास क्षमा रूपी शस्त्र है, वही वास्तव में महान व्यक्ति होता है।

आचार्यश्री ने राम नाम एवं श्रीमद्भगवद्गीता की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि गीता जीवन जीने की कला सिखाती है। परमात्मा की भक्ति के साथ संयम और संतोष का पालन करने से जीवन सफल बनता है। उन्होंने स्वामी रामचरणजी महाराज के वचनों का उल्लेख करते हुए कहा कि राम के अतिरिक्त संसार में कोई सुखी नहीं है। मनुष्य दूसरों को स्वयं से अधिक सुखी समझता है, जबकि वास्तविक सुख माया में नहीं, बल्कि राम में है।

उन्होंने कहा कि मायावी संसार ही दुःख का कारण है, जबकि राम नाम अनंत सुख का स्रोत है। राम के बताए मार्ग पर चलकर और शास्त्रों के अनुसार मर्यादित जीवन जीने वाला व्यक्ति इस लोक और परलोक दोनों में सुख प्राप्त करता है। चातुर्मास आत्मजागृति और परमात्मा की भक्ति का श्रेष्ठ अवसर है। इससे पूर्व रामस्नेही सम्प्रदाय के वरिष्ठ संत बड़े साध नरपत रामजी (उदयपुर) ने भी प्रवचन देकर धर्म का संदेश दिया। प्रवचन के उपरांत असावा परिवार, पथिक नगर, भीलवाड़ा के सदस्यों ने आचार्यश्री रामदयालजी महाराज की आरती की। सुमन सोनी एवं मनीष विजयवर्गीय ने भजनों की प्रस्तुति दी।

सत्संग में भीलवाड़ा सहित विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। चातुर्मास के दौरान प्रतिदिन सुबह 5 से 6 बजे तक रामधुनी, 8.30 से 9 बजे तक वाणीजी का पाठ तथा 9 से 10 बजे तक दैनिक सत्संग आयोजित किया जा रहा है। सूर्यास्त के समय होने वाली संध्या आरती में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं।

सावर उपखंड के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी, छात्रों की पढ़ाई पर संकट

भीलवाड़ा फोकस @ सावर

दिलखुश

सावर उपखंड के सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों के बड़ी संख्या में रिक्त पदों के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। हालात ऐसे हैं कि कई वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में सैकड़ों विद्यार्थियों की शिक्षा का जिम्मा महज चार शिक्षकों के भरोसे है। पर्याप्त स्टाफ नहीं होने से अभिभावक भी अपने बच्चों का दाखिला निजी स्कूलों में कराने को मजबूर हो रहे हैं।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रायनगर में 215 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं, लेकिन पूरे विद्यालय में केवल चार शिक्षक कार्यरत हैं। प्रधानाचार्य शिवप्रकाश मीणा ने बताया कि वर्ष 2022 में विद्यालय को क्रमोन्नत कर कला संकाय शुरू किया गया था, लेकिन तब से भूगोल, हिंदी साहित्य और राजनीति विज्ञान के व्याख्याताओं सहित गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, संस्कृत, कंप्यूटर अनुदेशक तथा लेवल-2 के कई पद रिक्त पड़े हैं।

राजकीय उच्च माध्यमिक बालिका विद्यालय सदारा में भी स्थिति चिंताजनक है। प्रधानाचार्य मेवालाल कुमावत ने बताया कि विद्यालय के क्रमोन्नत होने के बाद चार बैच निकल चुके हैं, लेकिन कला संकाय में आज तक एक भी व्याख्याता की नियुक्ति नहीं हुई। वर्तमान में यहां भी केवल चार शिक्षक कार्यरत हैं।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कालेड़ा कंवरजी में हिंदी साहित्य, सामाजिक विज्ञान (लेवल-2), शारीरिक शिक्षक, वरिष्ठ अध्यापक विज्ञान, गणित, कंप्यूटर अनुदेशक तथा चतुर्थ श्रेणी के दो पद रिक्त हैं।

बालिका विद्यालय सावर में भूगोल एवं हिंदी साहित्य के व्याख्याता, वरिष्ठ अध्यापक गणित, विज्ञान, हिंदी तथा कंप्यूटर अनुदेशक के पद खाली हैं।

सावर बॉयज स्कूल में वाणिज्य, भौतिकी, हिंदी और राजनीति विज्ञान के व्याख्याता, वरिष्ठ अध्यापक अंग्रेजी तथा सहायक कर्मचारियों के दो पद रिक्त हैं।

एक अन्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के उपप्रधानाचार्य शंकरलाल मीणा ने बताया कि हिंदी व संस्कृत साहित्य के व्याख्याता, वरिष्ठ अध्यापक गणित, विज्ञान, अंग्रेजी, संस्कृत तथा लेवल-1 और लेवल-2 के पद भी लंबे समय से खाली हैं।

महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, घटियाली में भी हालात गंभीर हैं। शिक्षक भोजराज मीणा के अनुसार भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और गणित के चार व्याख्याता, हिंदी, गणित, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान एवं विज्ञान के पांच वरिष्ठ अध्यापक, एक पुस्तकालयाध्यक्ष, एक यूडीसी और तीन चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पद रिक्त हैं।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नापाखेड़ा में गणित, संस्कृत, कंप्यूटर अनुदेशक और एलडीसी के पद खाली हैं, जबकि गोरधा विद्यालय में भूगोल व्याख्याता, वरिष्ठ अध्यापक गणित, हिंदी, लेवल-2 अंग्रेजी, यूडीसी तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के दो पद रिक्त हैं।

अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गणपतलाल मीणा ने बताया कि सावर ब्लॉक से सर्वाधिक शिक्षकों के स्थानांतरण हुए हैं। रिक्त पदों की जानकारी उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है और शीघ्र नियुक्तियों की मांग की गई है।

शिक्षकों की कमी से सरकारी विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। यदि जल्द रिक्त पद नहीं भरे गए तो विद्यार्थियों की पढ़ाई और परीक्षा परिणाम पर इसका सीधा असर पड़ सकता है।

सावर ब्लॉक की एएनएम ने विभिन्न मांगों को लेकर बीसीएमओ को सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ सावर,

दिलखुश

सावर ब्लॉक एएनएम/एलएचवी संघ ऑफ राजस्थान एवं राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के तत्वावधान में बुधवार को सावर ब्लॉक की एएनएम ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी (बीसीएमओ) राजेश गुप्ता को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस, मीडिया एवं विभागीय आदेशों के माध्यम से प्रसूता मृत्यु एवं गर्भवती महिलाओं से जुड़े मामलों में एएनएम को जिम्मेदार ठहराकर कार्रवाई की जा रही है, जिसका संघ ने कड़ा विरोध किया है।

संघ का कहना है कि महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता (एएनएम) स्वास्थ्य सेवाओं की आधारशिला हैं। वे सीमित संसाधनों और आवश्यक उपकरणों के अभाव में भी गर्भवती एवं प्रसूता महिलाओं की देखभाल, समय पर पंजीकरण, जांच, परामर्श, टीकाकरण, परिवार कल्याण सेवाएं, आयुष्मान कार्ड, टीबी एवं कुष्ठ रोग सर्वे सहित अनेक योजनाओं का संचालन करती हैं। इसके अलावा यू-विन, पीसीटीएस, एनसीडी और निश्चय जैसे विभिन्न पोर्टलों पर नियमित डेटा एंट्री का कार्य भी करती हैं।

संघ ने कहा कि एएनएम अपने कार्यक्षेत्र में उच्च जोखिम (एचआरपी) वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उन्हें समय पर उच्च चिकित्सा संस्थानों में रेफर करती हैं। इसके बावजूद बाद में होने वाली प्रसूता मृत्यु के लिए एएनएम को दोषी ठहराना अनुचित है। साथ ही अधिकारियों द्वारा मानसिक दबाव बनाना भी न्यायसंगत नहीं है।

ज्ञापन में मांग की गई कि उच्च जोखिम (एचआरपी) गर्भवती एवं प्रसूता मृत्यु के मामलों में एएनएम को दोषी नहीं ठहराया जाए तथा उन पर अतिरिक्त कार्यों का बोझ न डाला जाए। साथ ही एचआरपी मामलों की आरसीएच पोर्टल पर एंट्री से संबंधित धारा-17 (लघु शास्ति) के तहत जारी कार्रवाई एवं वेतन वृद्धि में शिथिलता बरती जाए।

संघ ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो एलएचवी/एएनएम संघ ऑफ राजस्थान पूरे राज्य में गांधीवादी तरीके से धरना-प्रदर्शन एवं हड़ताल करेगा, जिसकी जिम्मेदारी राज्य सरकार एवं शासन-प्रशासन की होगी।

ज्ञापन सौंपने के दौरान एएनएम लीला मीणा, रेखा मीणा, शिला गुर्जर, टीना मीणा, सोनल, शारदा रेगर, चंद्रकांता धाकड़, पूजा मीणा, सोमती गुर्जर, नीतू, अनुराधा, नीलम मीणा, पारस सहित अनेक एएनएम उपस्थित रहीं।

गौ सम्मान आवाहन अभियान तेज, संत-महंतों से लिया आशीर्वाद

27 जुलाई की रैली को सफल बनाने के लिए जिलेभर में जनसंपर्क अभियान, पारोली, कोटड़ी, बनेड़ा और मांडल में किया संपर्क

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा,

गौ माता को 'राष्ट्र माता' का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर 27 जुलाई को जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले गौ सम्मान आवाहन अभियान की तैयारियां तेज हो गई हैं। अभियान के दूसरे चरण के तहत बुधवार को संत-महंतों एवं धर्माचार्यों से भेंट कर कार्यक्रम में सहभागिता, मार्गदर्शन और आशीर्वाद का आग्रह किया गया। साथ ही जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान भी चलाया गया।



प्रतिनिधिमंडल ने जगतगुरु स्वामी रामदयाल जी महाराज, महामंडलेश्वर जगदीश पुरी जी महाराज, महामंडलेश्वर हंसराम जी महाराज, महामंडलेश्वर बाबू गिरि जी महाराज, महंत लक्ष्मण दास जी महाराज, जैन मुनि पुलकसागर जी महाराज, उपप्रवर्तक सुरेश मुनि जी महाराज, युवाचार्य महेंद्र ऋषि जी सहित विभिन्न संत-महंतों से मुलाकात कर 27 जुलाई के कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण दिया।

इधर अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पारोली, कोटड़ी, बनेड़ा और मांडल क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क किया गया। इस दौरान गौभक्तों, गौशाला संचालकों, सामाजिक संगठनों एवं आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में रैली में शामिल होने की अपील की गई।

अभियान से जुड़े पदाधिकारियों ने बताया कि 27 जुलाई को जिला मुख्यालय पर रैली निकालने के बाद प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांग संबंधी प्रार्थना-पत्र भेजा जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

जनसंपर्क अभियान में परम गौभक्त सुनील जागेटिया, विवेकानंद केंद्र के प्रदेश संयोजक भगवान सिंह चौहान, पूर्व यूआईटी अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण डाड, गोपाल बांगड़, विश्वनाथ प्रताप सिंह, संभाग प्रभारी नंदकिशोर साहू, जिला प्रभारी जगदीश तेली, कार्यक्रम संचालक बाबूलाल टाक तथा गोपाल बंजारा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

QUICK BITES

पूर्वांचल जन चेतना समिति ने भीलवाड़ा के नए एएसपी राजेश आर्य का किया भव्य स्वागत

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

पूर्वांचल जन चेतना समिति की अध्यक्ष अर्चना दुबे के नेतृत्व में भीलवाड़ा आगमन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) राजेश आर्य का समिति की ओर से भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उन्हें संस्था का दुपट्टा ओढ़ाकर, राजस्थानी साफा पहनाकर, गुलदस्ता एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर समिति के प्रतिनिधियों और एएसपी राजेश आर्य के बीच भीलवाड़ा में निवासरत पूर्वांचल समाज से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक एवं सार्थक चर्चा हुई। समिति अध्यक्ष अर्चना दुबे ने बताया कि भीलवाड़ा में पूर्वांचल के हजारों परिवार निवास करते हैं, जिनमें अधिकांश लोग वस्त्र उद्योग एवं टेक्सटाइल व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि समिति समाज के हितों, सुरक्षा, सामाजिक समरसता एवं आपसी सौहार्द बनाए रखने के लिए सदैव प्रशासन के साथ मिलकर कार्य करती रही है। अध्यक्ष दुबे ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से आग्रह किया कि पूर्वांचल समाज के लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग निरंतर मिलता रहे। इस पर एएसपी राजेश आर्य ने भरोसा दिलाया कि भीलवाड़ा में शांति, सुरक्षा और भाईचारा बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस और समाज के बीच बेहतर समन्वय से ही एक सुरक्षित, शांतिपूर्ण और आदर्श शहर का निर्माण संभव है। समिति के पदाधिकारियों ने इस अवसर पर पूर्वांचल जन चेतना समिति द्वारा वर्षों से किए जा रहे सामाजिक कार्यों की जानकारी भी दी। बताया गया कि समिति सामाजिक सेवा, सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजनों के माध्यम से समाज में सकारात्मक योगदान दे रही है। समिति की ओर से प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली निःशुल्क भव्य कांवड़ यात्रा उसकी प्रमुख पहचान बन चुकी है, जिसमें हजारों श्रद्धालु भाग लेते हैं। इसके अलावा समिति शिक्षा, स्वास्थ्य, रक्तदान शिविर तथा जरूरतमंदों की सहायता जैसे सेवा कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाती है। स्वागत समारोह में समिति के सचिव जितेंद्र झा, मनोज जायसवाल, इलियास छीपा, सुनील वोहरा, इश्तियाक छीपा, कैलाश लाखारा, किशन सोनी, शैलेंद्र चौधरी सहित समिति के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने देश एवं समाज की उन्नति तथा भीलवाड़ा में शांति, सद्भाव और भाईचारे की निरंतर स्थापना की कामना की।

खजीना विद्यालय में सरस्वती मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा शुक्रवार को, कलशयात्रा आज

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

(सांवर वैष्णव):- क्षेत्र के खजीना गांव में राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय में शुक्रवार को मां सरस्वती की मूर्ति स्थापना होगी । प्रधानाचार्य भवानी शंकर शर्मा ने बताया कि विद्यालय में मां सरस्वती की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर आज प्रातः 7 बजे कलश यात्रा शुरू होगी, वही सुबह 9:15 बजे देव पूजन होगी । शुक्रवार 24 जुलाई को सुबह 7 बजे हवन प्रारंभ, सुबह 9 बजे अभिषेक, सुबह 10:15 बजे मां सरस्वती की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा होगी एवं दोपहर 12:15 पूर्णाहुति होगी, इसके बाद प्रसादी का भोग लगाकर प्रसादी वितरण की जाएगी ।

गुरु पूर्णिमा पर ढ़ेलाणा चारभुजा मंदिर पर होंगे कई कार्यक्रम

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

(सांवर वैष्णव):- क्षेत्र के ढ़ेलाणा गांव में 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा, इस दौरान कई कार्यक्रम आयोजित होंगे । महंत भंवर दास वैष्णव ने बताया कि चारभुजा नाथ मंदिर पर बुधवार 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया जाएगा, इसमें सुबह 11 बजे से 4:30 बजे तक भजन व हरि कीर्तन किया जाएगा, इस दौरान शिष्य अपने गुरु महंत भंवर दास की पूजा-अर्चना कर आशीर्वचन लेंगे ।

मैना गुर्जर बनीं आत्मनिर्भरता की मिसाल

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

आसींद ब्लॉक की आमेसर ग्राम पंचायत के माताजी खेड़ा निवासी मैना गुर्जर ने संघर्ष और मेहनत के दम पर आत्मनिर्भरता की प्रेरक मिसाल पेश की है। पति के निधन के बाद आर्थिक संकट से जूझ रही मैना ने हार मानने के बजाय स्वयं सहायता समूह से जुड़कर स्वरोजगार अपनाया और आज अपने परिवार का सफलतापूर्वक पालन-पोषण कर रही हैं।

मैना गुर्जर वर्ष 2017 में सवाई भोज स्वयं सहायता समूह से जुड़ीं। समूह के माध्यम से नियमित बचत और वित्तीय अनुशासन अपनाने के बाद उन्होंने बैंक और ग्राम संगठन से ऋण प्राप्त किया। इस राशि से गांव में बांक्यारानी माता मंदिर के पास दाल-बाटी ढाबा और चाय स्टॉल शुरू किया, जो आज उनकी आजीविका का प्रमुख साधन बन चुका है।

इसके साथ ही उन्होंने ग्राम संगठन सहायक का प्रशिक्षण लेकर लेखा एवं अभिलेख संचालन का कार्य भी संभाला, जिससे उन्हें अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है। शुरुआती दौर में उन्होंने अन्नपूर्णा रसोई योजना में भी कार्य किया, लेकिन निरंतर मेहनत और लगन से अपने व्यवसाय को स्थापित करने में सफलता हासिल की। मैना गुर्जर प्रतिदिन कड़ी मेहनत कर अपने दोनों बच्चों की शिक्षा और परिवार की जिम्मेदारियां निभा रही हैं।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।